Title: Need to set up a Head Post Office at Maharajganj, Uttar Pradesh.

श्री पंकज चौधरी (महाराजगंज, उ.प्र.) : सभापति महोदया, मेरे क्षेत्र महाराजगंज (उ.प्र.) में मुख्य डाकघर न होने के कारण यहां जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें डाक संबंधी सुविधाएं प्राप्त करने के लिए जनपद गोरखपुर के कूड़ाघाट में स्थित मुख्य डाकघर तक लगभग 50 किलोमीटर से 100 किलोमीटर तक जाना पड़ता है। इसके परिणामस्वरूप जनता को न केवल भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है बल्कि समय और धन की भी बर्बादी होती है। यदि महाराजगंज में ही मुख्य डाकघर की स्थापना कर दी जाये तो वहां की जनता को इतनी अधिक दूर नहीं जाना पड़ेगा तथा उससे समय और धन दोनों की बचत होगी।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि जनता की डाक संबंधी कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए महाराजगंज में यथाशीघ्र मुख्य डाकघर की स्थापना की जाये।